एक नजर

राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाई जाएगी स. पटेल जयंती

रायबरेली। 31 अक्टूबर 2026 को भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की जयंती गरिमामयी, भव्य एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में राष्ट्रीय अखंडता दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इस अवसर पर विकास भवन में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता में उनके योगदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

विशेष अभियान 6.0 के स्वच्छता अभियान चलाकर किया गया पौधारोपण

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के निर्देशानुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन द्वारा विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत कार्यालय परिसर एवं आंगनबाड़ी केंद्र धमसी राय का पुरवा में एक दिवसीय स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की गई तथा अभिलेखों एवं पत्रावलियों को सुव्यवस्थित किया गया। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया। साथ ही महिलाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।इस अवसर पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी, सुषमा कश्यप, पर्यवेक्षक संध्या श्रीवास्तव सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

आशिक ने ही माशूका को उतारा मौत के घाट

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र में 16 वर्षीय छात्रा की हत्या का सनसनीखेज खुलासा हुआ है। कॉलेज में पूर्व में साथ पढ़ने वाले आशिक युवक ने ही माशूका को मौत के घाट उतार दिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 14 दिन बाद शव बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज साकेत नगर निवासी सोनी परिवार की बैसवारा इंटर कॉलेज की एक 16 वर्षीय छात्रा 16 अक्टूबर को घर से लापता हो गई थी। परिजनों की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के खिलाफअपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने सर्विलांस और सीडीआर के आधार पर कई युवकों से पूछताछ की।अन्तत: 29 अक्टूबर को पुलिस ने बैसवारा कॉलेज के ही पूर्व छात्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। 16 अक्टूबर को बेहटा चौराहे पर मिलने के बाद दोनों के बीच विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने छात्रा की हत्या कर दी और शव को गोविंदपुर बलौली के पास रेल कोच यार्ड के निकट सूखी नहर में फेंक दिया था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गुरुवार की रात सूखी नहर से शव बरामद किया। मौके से मिले कपड़ों और अन्य सामान के आधार पर परिजनों ने पहचान की है। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपहरण और हत्या के इस मामले के खुलासे में लालगंज चौकी इंचार्ज आरबी सिंह भी लगातार लगे हुए थे। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि' हत्या के आरोपी रौनक यादव निवासी पूरे नया मजरे मटेहना को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने हत्या करने की बात कबूल कर ली है। उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद, दीवार खड़ी कर मकान बनाने की तैयारी का आरोप

शाहाबाद (हरदोई)। तहसील क्षेत्र के ग्राम नरहाई में जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद सामने आया है। गांव निवासी रामनाथ पुत्र रामविलास ने मुस्तफा पुत्र नाबिर पर उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करने और दीवार खड़ी कर मकान निर्माण की तैयारी करने का आरोप लगाया है।रामनाथ के अनुसार ग्राम नरहाई स्थित गाटा संख्या 412 की भूमि को लेकर उपजिलाधिकारी न्यायिक न्यायालय शाहाबाद में मुकदमा विचाराधीन है। इसके बावजूद विपक्षी द्वारा विवादित भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। पीड़ित का दावा है कि मुस्तफा के पास भूमि पर मालिकाना हक से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं है।मामले में रामनाथ ने कोतवाली शाहाबाद में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना को लेकर गांव में तनाव और चर्चाओं का माहौल है। वहीं, पूर्व में इसी गांव की एक मजार पर सेवानिवृत्त सैनिक का धर्म परिवर्तन कराने के आरोपों का मामला भी सामने आ चुका है।

मिठाइयों में गंदगी और अनियमितता पर खाद्य विभाग का शिकंजा

हरदोई। दीपावली के त्योहार पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जिले में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान तीन मिठाई प्रतिष्ठानों की जांच की गई। कार्रवाई में 10 किलो सड़े रसगुल्ले नष्ट कराए गए, जबकि करीब 53 हजार रुपये कीमत का 60 किलो काजू सीज किया गया। बिना लाइसेंस संचालित फैक्ट्री को बंद कराते हुए मुकदमा भी दर्ज कराया गया।बिलग्राम चुंगी स्थित महादेव स्वीट्स पर जांच के दौरान 10 किलो खराब रसगुल्ले मौके पर नष्ट कराए गए। टीम ने खोया और रसमलाई के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे तथा अनियमितताओं पर संचालक को नोटिस जारी किया।डीएम चौराहे स्थित सांवरिया स्वीट्स पर काजू का नमूना लिया गया। यहां 60 किलो काजू सीज किया गया, जिसकी कीमत लगभग 53 हजार रुपये बताई गई है। जांच में बिना लाइसेंस संचालित फैक्ट्री मिलने पर उसे बंद कराकर मुकदमा दायर कराया गया। वहीं एसपी तिराहे स्थित वृंदावन स्वीट्स से पेड़े का नमूना लेकर अनियमितताओं पर नोटिस जारी किया गया।मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसके श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्ञान प्रकाश, पटेल, मान सिंह और निरंजन ने अभियान में भाग लिया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान मिलावटखोरी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित,33 महिलाओं को मिली जिम्मेदारी

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनुराधा मिश्रा ने जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। नई टीम में जिले की 33 महिला कार्यकर्ताओं को संगठन में अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें आठ जिला उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, आठ जिला मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं।जिला उपाध्यक्ष पद पर अनीता वर्मा (सांडी), निशा कुशवाहा (सवायजपुर), आरती मिश्रा (शाहाबाद), आरती गुप्ता (बिलग्राम-मल्लावां), अनीता गिहार (बालामऊ), सुनीता मिश्रा (संडीला), नीलम अग्रवाल (हरदोई) और कृति वर्मा (शाहाबाद) को जिम्मेदारी मिली है।जिला महामंत्री के पद पर गीता वर्मा (हरदोई), हर्षिता सिंह और साधना शुक्ला (सांडी) को नियुक्त किया गया है। जिला मंत्री के रूप में लक्ष्मी देवी (हरदोई), पारुल सिंह, गरिमा मिश्रा, रचना मिश्रा और संतोषी राजपूत (सवायजपुर), कुसुम सिंह (गोपामऊ), कुलजीत कौर उर्फ नीना सिंह और पुष्पा देवी (हरदोई) को शामिल किया गया है।रुति अवस्थी को जिला कोषाध्यक्ष, अनीता अवस्थी को जिला मीडिया संयोजक, रूबी गुप्ता को जिला सोशल मीडिया संयोजक और श्रद्धा मिश्रा को जिला आईटी संयोजक बनाया गया है।कार्यकारिणी सदस्य के रूप में लक्ष्मी सिंह, अलका शुक्ला, उपासना, प्रियंका सिंह, पूर्णिमा सिंह, शशि श्रीवास्तव, मेघा रस्तोगी, काजोल, बसंत मालती और रजनी सिंह को स्थान मिला है। नई टीम से महिला मोर्चा के संगठनात्मक कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंदा, मौके पर मौत ग्रामीणों ने लगाया जाम

हरदोई। संडीला-लखनऊ मार्ग पर तिलोइया के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगाकर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे सड़क पर आवागमन बाधित हो गया।जानकारी के अनुसार आशा नाम की महिला सड़क से गुजर रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।महिला की मौत से नाराज ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अनुराग सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। पुलिस ने लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए स्थिति सामान्य कराने की कोशिश की।धार्मिक पहचान के आधार पर निष्कर्ष निकालने के बजाय जमीन के स्वामित्व और कथित अवैध कब्जे को केंद्र में रखना बेहतर है। इसी तरह सभी खबरों में पुलिस, प्रशासन और संबंधित पक्षों के आधिकारिक पक्ष मिलने पर उन्हें भी शामिल किया जा सकता है।

24 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई परीक्षा



रायबरेली। जनपद रायबरेली में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को सुचारु, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने फिरोज गांधी डिग्री कालेज, रेयांन इंटरनेशनल स्कूल, जीआईसी सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पीईटी-2026 की परीक्षा आज कुल 24 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा को सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं की निगरानी की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के सफल संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिए। पीईटी-2026 की प्रथम पाली में कुल 9,744 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 6622 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 3122 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में भी कुल 9,744 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 6522 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 3222 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 19,488 पंजीकरण के सापेक्ष 13144 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 6344 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिससे परीक्षा प्रक्रिया सुचारु एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराई जा सके। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जागरूकता शिविर का आयोजन

चांदा। विकासखंड प्रतापपुर कमैचा के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्री विधिक सेवा एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी प्रतापपुर कमैचा आलोक कुमार द्वारा की गई। इस जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य निर्धन ,दिव्यांग जनो, बच्चियो , स्त्रीयो एवं गरीब असहांयों सहित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए सरकार के विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक करना और ऐसे लोगों को कैंप के माध्यम से चिन्हाकंन करके उसका लाभ दिलाना व प्रचार प्रसार भी किया जाना रहा।

नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का दूसरा दिन

कादीपुर (सुलतानपुर)। भारतीय संस्कृति में श्रीराम कथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं है। यह जीवन को आदर्श, मर्यादा और संस्कारों की राह दिखाने वाला दिव्य माध्यम है। राम कथा सुनने से जीवन को सही दिशा का संदेश मिलता है। संत बाबा बजरंगदास दास ने कहीं ?। वह जूनियर हाईस्कूल मैदान में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के दूसरे दिन प्रवचन कर रहे थे।

आम जनता के बीच उपहार बांटने का सिलसिला हुआ तेज

(अजय पाठक)

अमेठी। अगले कुछ महीनों में ही सूबे में विधानसभा चुनाव को देखते हुए संभावित उम्मीदवार आम जनता के बीच उपहार बांटने का सिलसिला अभी से तेज कर चुके हैं।कोई दीपावली का त्योहार निकट देख घर लड्डू और मोमबत्ती बांट रहा है कोई विभिन्न उपकरण और आलू का वितरण करा रहा है कोई पटरी दुकानदारों में छतरियों का वितरण करा रहा है कोई गांव गांव नेत्र शिविर लगवा रहा है। एक दावेदार पिछले कई साल से पुरजोर जनसंपर्क और मेहनत कर रहे हैं साथ ही नए वर्ष पर घर-घर उनकी ओर से कैलेंडर बांटा गया था दीपावली आने के पूर्व ही घर-घर एक पैकेट लड्डू के साथ एक पैकेट मोमबत्ती बांटी जा रही है। वही किसी कद्दावर नेता की ओर से आलू वितरण सहित तमाम प्रकार के उपहार जनता के बीच बांटे गए। इस बीच एक और कद्दावर नेता की ओर से पटरी दुकानदारों को छतरियों का वितरण किया गया। चुनाव हलाकि अभी कई महीने दूर है लेकिन उपहार बांटने की कवायद अभी से शुरू हो गई है। चुनाव में यह प्रक्रियाएं पहले भी होती रही हैं लेकिन इस बार थोड़ा जल्दी हो रही है।वैसे तो नजर बचाकर चुनाव के दरमियान मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रत्याशियों की ओर से उपहार बांटने का सिलसिला बहुत पुराना है किस प्रकार से मतदाता खेमे में आएगा हर संभव कोशिश की जाती रही है।

यहां करीब तीन दर्जन संभावित दावेदार पुरजोर मेहनत कर रहे हैं इसमें एक-एक दल से आधा दर्जन से अधिक लोग हैं जो स्वयं को भावी प्रत्याशी मानकर मैदान में उतर चुके हैं। जनता के सुख दुख में भागीदारी का सिलसिला भी बहुत तेजी से बढ़ गया है छोटे बड़े प्रयोजनों में नेताओं का पहुंचना तय माना जा रहा है। आयोजक अपने आयोजन में कम से कम 50 से ऐसे लोगों की गणना करके आयोजन कर रहे हैं जो कमोबेश अनामंत्रित रहते हुए भी पहुंच रहे हैं। इस समय शादी विवाह का समय तो नहीं है फिर भी छोटे बड़े जो भी आयोजन हो रहे हैं उसमें सम्भावित दावेदारों बराबर पहुंच हो रही है।

16 नवंबर से शुरू होगी स्वगणना

अमेठी। जनसंख्या गणना की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इसमें मीडिया प्रतिनिधियों को जनगणना की प्रक्रिया निर्धारित समय-सारिणी और स्वगणना के संबंध में विस्तृत जानकारी देने के साथ प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने बताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। इसके अंतर्गत 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्वगणना की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। इस दौरान नागरिकों द्वारा स्वगणना आईडी उपलब्ध कराने से दर्ज विवरण के सत्यापन एवं गणना की प्रक्रिया को सुचारु बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना से संबंधित जानकारी को सही स्पष्ट एवं पूर्ण रूप से दर्ज करें तथा निर्धारित अवधि में गणना कार्य संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। सीडीओ ने बताया कि जनगणना-2027 के दौरान निर्धारित 40 प्रश्नों के माध्यम से आवश्यक जानकारियां एकत्र की जाएंगी। ऐसे में नागरिक अपने तथा परिवार के सदस्यों से संबंधित जरूरी विवरण पहले से व्यवस्थित कर लें जिससे ऑनलाइन स्वगणना करते समय किसी प्रकार की असुविधा न हो सभी जानकारियां सटीक रूप से दर्ज की जा सकें।

पति की लंबी आयु के लिए सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत



शिवगढ़ (रायबरेली)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुहागन महिलाओं ने कार्तिक मास की चतुर्थ तिथि को करवा चौथ के रूप में मनाया और व्रत रखकर पति की लंबी आयु और बेहतर जीवन की कामना की। गौरतलब हो कि शुक्रवार को शिवगढ़ क्षेत्र में सुहागिन महिलाओं ने सूर्योदय होने के पहले करवा चौथ का व्रत रखा दिन भर उपवास रखने के बाद रात को चंद्रमा के दर्शन कर विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की इसके पश्चात करवा माता और गणेश भगवान की पूजा और कथा सुनकर व्रत खोला और पति की लंबी आयु और बेहतर जीवन की कामना की इस दौरान सुहागिन महिलाओं ने पति के साथ सेल्फी लेते हुए सैल्फी को सोशल मीडिया पर वायरल किया। बताते हैं कि करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं भजन और पानी के निर्जला व्रत रखती हैं व्रत में चंद्रमा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है महिला चांद दिखाने के बाद अपना व्रत तोड़ती है और छलनी में चांद देखकर पति का चेहरा देखते हुए व्रत तोड़ती है छलनी मैं चांद और अपनी पति का चेहरा देखते हुए पति की लंबी आयु और बेहतर जीवन के लिए प्रार्थना करती हैं और पति के हाथों से पानी पीकर अपना व्रत तोड़कर उनके पैर छूती है और अपने घरों के लोगों को प्रसाद वितरित करती है।

पवन माथुर का हृदय गति रुक जाने सेनिधन

सुल्तानपुर। शास्त्री नगर निवासी पवन माथुर जो आशीर्वाद हॉस्पिटल में विगत कई वर्षों से कार्य कर रहे थे बृहस्पतिवार को भी दिन में अपना कार्य किये और शाम को अपना काम खत्म करने के बाद सकुशल बहुत अच्छे तरीके से घर गए रात में एक हार्ट अटैक पड़ा जहां पारिवारिक जनों ने लाकर के उन्हें चिकित्सालय में दिखाया वहां से लारी भेजे गए लारी में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई पवन जी बहुत अच्छे व्यक्तित्व के धनी थे व्यवहार कुशल और मिलनसार व्यक्ति थे निधन से पारिवारिक जनों एवं आशीर्वाद हॉस्पिटल में कार्यरत सभी चिकित्सक एवं कर्मचारियों में शोक की लहर व्याप्त है अस्पताल के निदेशक डॉ राजीव श्रीवास्तव एवं डॉ नीलिमा भटनागर ने कहा कि इस अपूर्णीय क्षति को अस्पताल कभी भी नहीं पूरा कर पाएगा माथुर एक अच्छे इंसान थे आपके जाने से परिवार को जो हानि हुई है उसे कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता।

व्यापारियों एवं पुलिस प्रशासन के बेहतर समन्वय से मजबूत होगी कानून व्यवस्था - पवन गौतम

रायबरेली। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों ने नवनियुक्त अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम से शिष्टाचार भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर व्यापारियों ने जनपद में नई जिम्मेदारी संभालने पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन एवं व्यापारिक समुदाय के मध्य आपसी विश्वास, समन्वय और सहयोग की भावना और अधिक सुदृढ़ होगी। स्वागत से अभिभूत अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम ने व्यापारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यापारी समाज अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण धुरी है और व्यापारिक गतिविधियों का सुचारु संचालन सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में ही संभव है। पुलिस प्रशासन व्यापारियों की सुरक्षा, उनकी समस्याओं के विधिसम्मत निस्तारण तथा बाजारों में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने व्यापारियों से भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा की।इसी क्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के पदाधिकारियों ने क्षेत्राधिकारी नगर आशीष निगम से भी शिष्टाचार भेंटकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस दौरान व्यापारियों के हितों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, बाजारों में बेहतर यातायात व्यवस्था तथा व्यापारियों की समस्याओं के समयबद्ध एवं विधिसम्मत समाधान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने अपेक्षा व्यक्त की कि क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में व्यापारियों के साथ निरंतर संवाद एवं समन्वय स्थापित रहेगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश उपाध्यक्ष/जिलाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा ने कहा कि व्यापारी सदैव प्रशासन के साथ सकारात्मक सहयोग एवं समन्वय की भावना से कार्य करते आए हैं।

व्यापारियों की सुरक्षा, सम्मान और उनके व्यापारिक प्रतिष्ठानों की संरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस प्रशासन व्यापारियों की समस्याओं एवं सुरक्षा संबंधी विषयों पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि पुलिस प्रशासन एवं व्यापारिक संगठनों के बीच नियमित संवाद लोकतांत्रिक प्रशासनिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण अंग है। व्यापारियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा उनकी वैध व्यापारिक गतिविधियों में अनावश्यक बाधाओं का निराकरण



करना प्रशासनिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि बाजारों में बेहतर यातायात व्यवस्था, सुरक्षा एवं शांति बनाए रखने के लिए पुलिस और व्यापारियों के मध्य निरंतर समन्वय आवश्यक है। नगर महामंत्री आशु श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा तथा बाजारों में सुव्यवस्थित वातावरण से व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलता है। युवा जिलाध्यक्ष सत्यांशु दुबे एवं युवा नगर महामंत्री दिनेश पाल ने भी पुलिस प्रशासन को आश्वस्त किया कि युवा व्यापारी वर्ग कानून-व्यवस्था एवं सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग करेगा।शिष्टाचार भेंट के दौरान व्यापारियों ने विश्वास जताया कि अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम एवं क्षेत्राधिकारी नगर आशीष निगम के साथ व्यापार मण्डल का निरंतर संवाद एवं सकारात्मक सहभागिता बनी रहेगी। इससे व्यापारिक समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण होने के साथ ही जनपद में सुरक्षित, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण व्यापारिक वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी, युवा इकाई के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में व्यापारीगण उपस्थित रहे।

एक नजर

नदी किनारे मिला दो दिन से लापता अधेड़ का शव

भाले सुल्तान शहीद स्मारक अमेठी। थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक अंतर्गत गोमती नदी के किनारे दो दिन से लापता अधेड़ का शव मिला।मिली जानकारी के अनुसार राम मनोहर यादव उम्र 45 वर्ष पुत्र रामलखन यादव निवासी ग्राम महमदपुर मजरे माहेमऊ थाना भाले सुल्तान 28 अक्टूबर 2026 से लापता थे। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद उनका मोबाइल फोन गोमती नदी के पुल पर लावारिस हालत में मिला था। जिसके बाद अनहोनी की आशंका जताई जा रही थी। शुक्रवार को सूचना प्राप्त हुई कि एक शव ग्राम कोटवा थाना भाले सुल्तान क्षेत्र में नदी किनारे पड़ा है। सूचना पर थाना भाले सुल्तान पुलिस फोर्स मौके पर रवाना हुई। शव की शिनाख्त लापता राम मनोहर यादव के रूप में हुई है।पुलिस का कहना है कि मृतक के शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। चेहरे और हाथ पर जलीय जंतुओं द्वारा काटे जाने के निशान मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला डूबने से मौत का प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर अग्रिम विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

लगातर रिमझिम बारिश से किसानों को नुकसान

अमेठी। रिमझिम बारिश शाम तक जारी रही। लगातार हो रही बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। चक्रवाती तूफान अरनव का असर गुरुवार को भोर से ही दिखाई देने लगा। जगह-जगह रिमझिम बारिश और हवाओं के झोंके चलते रहे दिन में कई राउंड रिमझिम बारिश हुई।लेकिन शुक्रवार को स्थिति काफी गम्भीर हो गई तेज हवाओं के साथ हो रही रिमझिम से किसानों की कटी धान की फसल बर्बाद हो रही है।चारों ओर धान की फसल तैयार है कहीं कहीं किसानों के धान की कटी फसल सिवान में पड़ी हुई है खेतों में पानी भरा है धान की फसल सड़ सकती है। वही आलू चना मटर की जल्दी में बुवाई करने वाले किसान भी जल भराव को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि यदि बरसात और तेज हो गई जैसा की मौसम विभाग द्वारा चेतावनी दी जा रही है तो उनकी फसल भी नष्ट हो जाएगी।जिन किसानों के धान की फसल मशीनों से कटी है वह अपने पुवाल को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं। खड़ी धान की फसल जो पक कर तैयार हुई है बारिश उनके लिए भी घातक सिद्ध हो रही है।

किसानों के खाते में पहुंची 24वीं किस्त

अमेठी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जनपद के 247430 किसानों के बैंक खाते में शुक्रवार को 24वीं किस्त की धनराशि सीधे डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। इस अवसर पर जनपद में हर्षोल्लास के साथ पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया। गुजरात के बनासकांठा से आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के करोड़ों किसानों को संबोधित करते हुए कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने किसानों की आय बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 130 प्रगतिशील किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना देश के अन्नदाताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने वाली महत्वपूर्ण योजना है। योजना के तहत धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचने से पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है तथा बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर मिलने वाली आर्थिक सहायता से बीज खाद सहित खेती-किसानी से जुड़ी आवश्यकताओं की पूर्ति में मदद मिलती है। वर्तमान समय में रबी फसलों की बुवाई की तैयारियों के बीच यह धनराशि किसानों के लिए विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने तथा मृदा स्वास्थ्य कार्ड के माध्यम से मिट्टी की गुणवत्ता के अनुरूप संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की। किसानों ने कहा कि समय पर मिलने वाली यह आर्थिक सहायता रबी फसलों की बुवाई के दौरान बीज खाद एवं अन्य कृषि निवेशों की व्यवस्था करने में सहायक होगी। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामप्रसाद मिश्र सहित कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा जनपद के प्रगतिशील एवं सम्मानित किसान उपस्थित रहे।

एसडीएम सदर द्वारा पटाखा दुकानों के लाइसेंस चेक कर सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु दिए दिशा-निर्देश



सुल्तानपुर। आगामी दीपावली त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा जनसुरक्षा के दृष्टिगत आज क्षेत्राधिकारी नगर श्री राघवेन्द्र सिंह एवं एसडीएम सदर श्रीमती गरिमा सोनकिया द्वारा थाना कोतवाली नगर एवं थाना बन्धुवाकलां क्षेत्रान्तर्गत संचालित पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पटाखा दुकानों के लाइसेंस एवं संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने, पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने तथा अग्नि सुरक्षा के समुचित प्रबंध रखने के निर्देश दिए गए।* दीपावली त्योहार के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी नगर एवं एसडीएम सदर द्वारा पटाखा दुकानों के लाइसेंस चेक कर सुरक्षा मानकों के अनुपालन हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश* दीपावली त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा जनसुरक्षा के दृष्टिगत आज क्षेत्राधिकारी नगर श्री राघवेन्द्र सिंह एवं एसडीएम सदर श्रीमती गरिमा सोनकिया द्वारा थाना कोतवाली नगर एवं थाना बन्धुवाकलां क्षेत्रान्तर्गत संचालित पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पटाखा दुकानों के लाइसेंस एवं संबंधित अभिलेखों की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा दुकानदारों को निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने, पटाखों के भंडारण एवं बिक्री के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतने तथा अग्नि सुरक्षा के समुचित प्रबंध रखने के निर्देश दिए गए।

एक दिन, एक जगह मिलेगी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और सुविधाएं

सुलतानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुलतानपुर की ओर से आम नागरिकों को उनके अधिकारों और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की थीम %एक दिन, एक जगह ढेरों सुविधाएं% रखी गई है।यह कार्यक्रम एक नवंबर 2026, रविवार को प्रात: 10 बजे से पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार, सुलतानपुर में आयोजित होगा। इसमें आमजन को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आवेदन प्रक्रिया में सहायता और आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।शिविर में प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, दिव्यांगजन अधिकार योजना, मिशन शक्ति योजना, किसान सम्मान निधि योजना, छात्रवृत्ति योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना, राशन योजना (एनएफएसए), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।पहल का उद्देश्य पात्र लाभार्थियों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना, लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क विधिक सहायता के प्रति जानकारी उपलब्ध कराना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें।